**भारत सरकार**
**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं.4608**
**31 मार्च, 2022 को उत्तर के लिए**

**अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन की स्थिति**

**4608. श्री नलीन कुमार कटील:**
**श्री एस. आर. पार्थिबन:**
**श्रीमती सुमलता अम्बरीश:**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश विशेषकर कर्नाटक और तमिलनाडु में अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) उक्त योजना के अंतर्गत उक्त राज्यों में कितने शहरों का चयन किया गया है और इनके चयन के मानदंड क्या हैं; और

(ग) गत तीन वर्षों के दौरान उक्त राज्यों में इस योजना के अंतर्गत आवंटित और खर्च की गई राशि का वर्ष-वार और राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री**
**(श्री कौशल किशोर)**

(क): अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत) सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों (यूटी) के चयनित 500 शहरों और नगरों में 25 जून 2015 को शुरू किया गया। मिशन में जल आपूर्ति; सीवरेज और सेप्टेज प्रबंधन; वर्षा जल निकासी; हरे भरे स्थान और पार्क; और गैर-मोटर चालित शहरी परिवहन के क्षेत्रों में चयनित शहरों में बुनियादी ढांचे के विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया है। मिशन ने शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) के शासन और यूएलबी के क्षमता निर्माण के लिए 11 सुधारों के एक सेट को भी क्रियान्वित किया है।

अमृत के तहत, संपूर्ण मिशन अवधि के लिए सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के कुल स्वीकृत योजना आकार के 77,640 करोड़ रू. में से, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों ने 81,384 करोड़ रू. की 5,864 परियोजनाएं शुरू की हैं। इनमें से 26,193 करोड़ रुपये की लागत वाली 4,158 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं जबकि 55,191 करोड़ रुपये की लागत वाली 1,706 परियोजनाओं का कार्यान्वनय चल रहा है। अब तक, 60,446 करोड़ रू. की लागत वाले कार्य वास्तविक रूप से पूरे किए जा चुके हैं। इसके अलावा, लगभग 1,027 करोड़ रू. की लागत वाली परियोजनाएं निविदा के विभिन्न चरणों में हैं। कुछ राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों ने अपने

स्वीकृत एसएएपी आकार से अधिक की परियोजनाएं शुरू की हैं। ऐसे मामलों में, पूरी अतिरिक्त राशि राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा स्वयं वहन की जाएगी।

सम्पूर्ण मिशन के लिए 4,952.87 करोड़ रू. के स्वीकृत योजना आकार में से, कर्नाटक राज्य ने 5,119 करोड़ रू. की 407 परियोजनाएं शुरू की हैं, जिनमें से 2,665 करोड़ रू. की लागत वाली 347 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं और शेष परियोजनाओं का कार्यान्वयन चल रहा है।

इसी तरह, पूरे मिशन के लिए 11,194.78 करोड़ रू. के स्वीकृत योजना आकार में से, तमिलनाडु राज्य ने 12,690 करोड़ रू. की लागत वाली 444 परियोजनाएं शुरू की हैं, जिनमें से 2,678 करोड़ रू. की लागत वाली 421 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं और शेष परियोजनाओं का कार्यान्वयन चल रहा है।

(ख): कर्नाटक राज्य के कुल 27 शहरों और तमिलनाडु राज्य के 33 शहरों को अमृत योजना के तहत कवर किया गया है।

छावनी बोर्ड (नागरिक क्षेत्र), राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के सभी राजधानी शहर/नगर, हृदय योजना के तहत विरासत शहरों के रूप में वर्गीकृत सभी शहर/नगर सहित अधिसूचित नगर पालिकाओं वाले एक लाख से अधिक आबादी वाले सभी शहर/नगर (जनगणना 2011), मुख्य नदियों के किनारे पर 75,000 से अधिक और 1 लाख से कम आबादी वाले स्थित 13 शहरों/नगरों और पर्वतीय राज्यों, द्वीपों और पर्यटन स्थलों (प्रत्येक राज्य से अधिकतम एक) के 10 शहरों को अमृत के तहत कवर किया गया है।

(ग): संपूर्ण मिशन अवधि के लिए अमृत परियोजनाओं के लिए कर्नाटक और तमिलनाडु राज्यों को आवंटित केंद्रीय सहायता (सीए) और पिछले तीन वित्तीय वर्षों और मौजूदा वर्ष के दौरान इन राज्यों को जारी केंद्रीय सहायता और उनके द्वारा उपयोग की केंद्रीय सहायता का ब्यौरा निम्नानुसार दिया गया है:

**(राशि करोड़ रू. में)**

| **राज्य** | **संपूर्ण मिशन अवधि के लिए आवंटित केंद्रीय सहायता** | **वित्त वर्ष 2018-19** | | **वित्तीय वर्ष 2019-20** | | **वित्त वर्ष 2020-21** | | **मौजूदा वित्त वर्ष 2021-22 (16.03.2022 तक)** | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | **जारी केंद्रीय सहायता** | **प्राप्त उपयोगिता प्रमाण पत्र** | **जारी केंद्रीय सहायता** | **प्राप्त उपयोगिता प्रमाण पत्र** | **जारी केंद्रीय सहायता** | **प्राप्त उपयोगिता प्रमाण पत्र** | **जारी केंद्रीय सहायता** | **प्राप्त उपयोगिता प्रमाण पत्र** |
| कर्नाटक | 2,319 | 544 | 544 | 711 | 634 | 281 | 253 | 126 | 110 |
| तमिलनाडु | 4,757 | 735 | 735 | 377 | 377 | 279 | 279 | 1,455 | 435 |

******